राज्य् सभा

अतारांकित प्रश्ना संख्यास 1574

11 मार्च, 2015 को उत्तलर के लिए

तेलंगाना के बय्याराम में इस्पात संयंत्र

1574. श्री देवेंदर गौड टी. :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार 4 राज्यों में इस्पात संयंत्रों की स्थापना हेतु 1.5 लाख करोड़ का निवेश करेगी;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय तेलंगाना के बय्याराम में इस्पात संयंत्र स्थापित कर रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्त)र

इस्पांत और खान राज्यो मंत्री **श्री विष्णु‍ो देव साय**

(क): स्टी ल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने तप्त धातु उत्पादन को वर्ष 2025-26 तक चरण बद्ध तरीके से लगभग 23 एमटीपीए के स्तकर से बढ़ाकर 50 एमटीपीए करने (जारी विस्तादर योजनाओं के बाद) के लिए एक प्रारूप योजना ''विजन 2025'' तैयार किया है। एकीकृत इस्पा‍ात संयंत्रों के विस्ता‍ार में लगभग 1.5 लाख करोड़ रूपये का अनुमानित निवेश होने की संभावना है। नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एनएमडीसी) 15 ,525 करोड़ रूपये के निवेश से छत्तीनसगढ़ के नागरनार में 3 एमटीपीए क्षमता के एक एकीकृत इस्पा त संयंत्र का निर्माण कर रहा है।

(ख) और (ग): आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 की 13वी अनुसूची के अनुसार सेल को तेलगांना के खम्मा)म जिले में एक एकीकृत इस्पारत संयंत्र की स्था पना की व्यकवहार्यता जांच करनी है। सेल द्वारा व्यखवहार्यता रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुपत कर दी गई है।

****